राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

दिनांक : 05.07.2016

आयोग द्वारा **प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2015 दिनांक 17.07.2016 को प्रातः 11.00 बजे से 12.30 बजे तक एक सत्र में एवं दिनांक 20.07.16 से 26.07.16 तक प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं सांय 02.00 बजे से सांय 05 बजे तक 2 सत्रों में तथा दिनांक 27.07.16 को प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक एक सत्र** में राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है।

उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र के आयोग के वेब पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in/applyonline पर अपलोड कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग के वेबपोर्टल से आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) से डाउनलोड कर परीक्षा केन्द्र पर एक पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र (Original Photo I.D. Card) अपने साथ अवश्य लेकर आवे अन्यथा परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

सभी अभ्यर्थी अनिवार्य विषय एवं ऐच्छिक विषय हेतु प्रवेश–पत्र की अलग–अलग प्रतियां मय उपस्थिति पत्र के डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंवे ताकि अनिवार्य एवं ऐच्छिक विषय का अलग–अलग उपस्थिति–पत्र अभ्यर्थी से प्राप्त किया जा सके।

(भगवत सिंह राठौड़)
उप सचिव

– –